# अभ्यास शक्ति का 8वाँ संस्करण

**[स्रोत: द हिंदू](#)**

[शक्ति अभ्यास](#) का **आठवाँ संस्करण,** जो **भारत** और **फ्राँस** के बीच एक **संयुक्त सैन्य अभ्यास** है, **18 जून से 1 जुलाई 2025** तक **ला कैवेलरी, फ्राँस** में आयोजित किया जाएगा।

- यह **भारत और फ्राँस की सेनाओं** के बीच एक **द्विवार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास** है, जिसका उद्देश्य **पारस्परिक संचालन क्षमता, संचालन समन्वय, और सेना-से-सेना संपर्क** को सुदृढ़ करना है।
- इस संस्करण का मुख्य ध्यान **[संयुक्त राष्ट्र](#) चार्टर** के **अध्याय VII** के अंतर्गत एक **उप-पारंपरिक वातावरण** में **संयुक्त अभियानों** पर होगा, और प्रशिक्षण **अर्द्ध-शहरी भूभाग** में आयोजित किया जाएगा।
    - **संयुक्त राष्ट्र चार्टर** का **अध्याय VII अंतर्राष्ट्रीय शांति स्थापना** हेतु **सैन्य एवं गैर-सैन्य कार्रवाइयों (जैसे प्रतिबंध, नाकेबंदी, और सैन्य बल की तैनाती)** को अधिकृत करता है।
- **फ्राँस** और **भारत** के बीच **अन्य संयुक्त अभ्यास: [अभ्यास वरुण](#) (नौसेना), [अभ्यास गरुड़](#) (वायु), और [अभ्यास डेज़र्ट नाइट](#) (भारत, फ्राँस और UAE)।**




**और पढ़ें:** [भारत-फ्राँस संबंध](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/8th-edition-of-exercise-shakti